




# प्रबंध निदेशक की कलम से

प्रिय साथियों,

वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही आई.एस.डब्ल्यू.पी. परिवार के लिए सम्मान और पुरस्कार जैसी उपलब्धियों से परिपूर्ण रही।

29 जुलाई 2019 को आई.एस.डब्ल्यू.पी. को जे.आर.डी.क्यू.वी. वार्षिक समारोह में ''एमर्जिंग इंडस्ट्री लीडर'' के रूप में रतन टाटा की उपस्थिति में टाटा संस के चेयरमैन श्री चंद्रशेखरन द्वारा सम्मानित किया गया।

16 सितम्बर 2019 को मुंबई में आयोजित TAAP कन्वेंशन में आई.एस.डब्ल्यू .पी को TAAP रिवार्ड ''बेस्ट प्रैक्टिस अंडर एजुकेशन'' से सम्मानित किया गया।

मैं इस सम्मान के लिए आई.एस.डब्ल्यू.पी के कर्मचारियों एवं उनके परिवार को सहृदय धन्यवाद देता हूँ और सभी के लिए मंगलकामना करता हूँ।

मुझे यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है, की हमारे आई.एस.डब्ल्यू.पी. स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स से प्रशिक्षित कोमोलिका बारी ने तीरंदाजी के क्षेत्र में अंतराष्टीय स्तर पर विश्व युवा तीरंदाजी चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा है। इस जीत ने आई.एस.डब्ल्यू.पी. स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की ख्याति और मान को बढ़ाया है।

इन उपलब्धियों के बीच जेम्को मशीन शॉप में कार्य करते हुए एक ठेका कर्मचारी की नासमझी और असावधानी से हुई दुर्धटना ने मुझे फिर दुखी किया है। मैं निरंतर सभी कर्मचारियों से यही अपील करता हूँ की कार्यस्थल पर सदैव सजग रहे और सावधानी से कार्य करे क्योंकि आपकी सुरक्षा मेरे लिए सबसे प्रमुख प्राथमिकता है।

मैं तार समाचार के माध्यम से पुनः रॉड मिल टीम को सुरक्षित एवं समय पर वार्षिक मेजर शट-डाउन पूर्ण करने पर बधाई देता हूँ।

अक्टूबर माह त्योहारों का माह है आप सभी परिवार के साथ हंसी- खुशी और सुरक्षित रहते हुए अपने आस-पास सफाई रखते हुए दुर्गा पूजा,दीपावली एवं अन्य त्योहारों का आनंद ले, यही मेरी शुभकामना है।

शुभेच्छाओं के साथ

## स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ

मानव संस्धान विभाग द्वारा ऑफिसरों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक योगदान करने पर उन्हें उस माह ''स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ'' घोषित करती है। स्टार ऑफिसर का चयन विभागध्यक्षो द्वारा दी गई रेटिंग एवं प्रबंध निदेशक के आकलन के पश्चात् किया जाता है। रॉड मिल ऑपरेशन में सहायक प्रबंधन के पद पर कार्यरत श्री के.वी.नरसिम्हा राव को शिफ्ट में उच्चतम उत्पादन तथा अन्य उपलब्धियों के आधार पर जुलाई माह का ,फाइनेंस एवं एकाउंट्स में उप प्रबंधक पद में कार्यरत श्री रौनक भाटिया को अगस्त माह का एवं  वायर मिल के वरिष्ठ प्रबंधक श्री राहुल पांडेय को सितम्बर माह ''स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ'' घोषित किया गया। प्रबंध निदेशक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



के.वी.नरसिम्हा राव



रौनक भाटिया



राहुल पांडेय

## बोनस समझौता

25 सितम्बर 2019 को प्रबंधन एवं यूनियन के बीच आई.एस.डब्ल्यू.पी एवं जेम्को के लिए बोनस समझौता किया गया। वित्तीय वर्ष 2019 के समझौता में Rs. 2.37 करोड़ आई.एस.डब्ल्यू.पी और जेम्को के सभी पात्र/योग्य कर्मचारियों को भुगतान किया जाएगा।



# नैतिकता माह

प्रत्येक वर्ष आई.एस.डब्ल्यू.पी में जुलाई माह नैतिकता माह के रूप में मनाया जाता है। सुचारु रूप से कार्य करने के लिए कर्मचारियों में नैतिकता और नैतिक मूल्यों को शामिल करना अत्यंत आवश्यक ह। नैतिकता माह के शपथ समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंपनी प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत ने उपस्थित कर्मचारियों, अधिकारीयों, यूनियन के सदस्यों को नैतिकता की शपथ दिलाई। इस वर्ष का थीम "INTEGRITY MATTERS" है। सम्पूर्ण माह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे क्विज, स्लोगन, लघु नाटिका, वीडियोग्राफी एवं एम्प्लाई वार्ड के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता शामिल है।

**एथिक्स माह के विजेताओं की सूचि निम्नलिखित है :**

| | | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | सांत्वना | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्विज प्रतियोगिता** | **रॉड मील** | अवतार सिंह | मंजीत | मनीष प्रसाद | | |
| | **वायर मील** | राहुल प्रकाश | हिमाद्रि महतो | गोपाल शर्मा | | |
| | **जनरल सर्विस** | बी.रवि कुमार | विवेकानंद राउट्री | सुजाता मित्रा | | |
| | | | | | | |
| **वीडियो/ फोटोग्राफी** | **ISWPL** | सुनील कुमार सिंह | एकता सिंह श्रीनेत | | | |
| | | | | | | |
| **स्लोगन** | **ISWPL** | बिशाल खान | पी.बी रेड्डी | पी.बी रेड्डी | अनुपमा महतो | पिंकी कुमारी |
| | | | | | | |
| **ऑफिसर क्विज** | **ISWPL** | शकुंतला | बिशाल खान | नरेश पाल चौधरी | | |
| | | शांतनु चक्रबोर्ती | प्रेम सिंह | गुंचा | | |
| | | अमरवीर सिंह | | दिलबाग सिंह | | |
| | | | | | | |
| | | **रॉड मील टीम** | **वायर मील टीम** | | | |
| **लघु नाटक** | **ISWPL** | सुनील कुमार सिंह | एकता सिंह श्रीनेत | | | |
| | | अंजय कुमार | पिंकी कुमारी | | | |
| | | बिजयलक्ष्मी | बिशाल खान | | | |
| | | मनीष ओबेरॉय | रूपम चक्रबोर्ती | | | |
| | | गुंचा अज़ीम | निर्भय कुमार | | | |
| | | सत्यम झा | पांडव प्रधान | | | |
| | | श्रीनिवास सिंह | आरती कुमारी | | | |
| | | अबतर महतो | स्वीटी सिंह | | | |
| **पोस्टर प्रतियोगिता (एम्प्लॉई वार्ड)** | | श्रुति सिंह -पुत्री श्री सुनील कुमार सिंह टिकट न - 12777 | स्नेहा कुमारी - पुत्री श्री महेंद्र नन्द टिकट न - 50135 | प्रियांशी - पुत्री श्री संतोष कुमार सिंह टिकट न -12783 | गीतिका महतो - पुत्री श्री सुरेश महतो टिकट न -60179 | सिद्धि - पुत्री श्री आई.एन झा टिकट न -12730 |



# स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त भारत के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। आज ही के दिन 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजो की गुलामी से हमारे देश को आजादी मिली थी। आई.एस.डब्ल्यू.पी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कंपनी परिसर में प्रबंध निदेशक द्वारा सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण किया गया।





# टी.क्यू.एम् संबंधी गतिविधियां

प्रत्येक माह प्रबंध निदेशक द्वारा TQM समीक्षा के दौरान सुझाव योजना के तहत चल रही गतिविधियां की समीक्षा की जाती है। समीक्षा के दौरान प्रबंध निदेशक ने स्वीकृत सुझावों को शीघ्रता से कार्यवान करने का दिशा निर्देश दिया।

# सुझाव योजना

FY'20 के प्रथम त्रैमास में अत्यधिक स्वीकार्य सुझाव देने वाले सुझावकर्ता अमरेंद्र कुमार सिंह, सौरव गुप्ता, अमित कुमार, निरंजन सिंह, सुखदेव सिंह, प्रेरणा धूत को प्रबंध निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया।



अमरेंद्र कुमार सिंह



सौरव गुप्ता



अमित कुमार



निरंजन सिंह



सुखदेव सिंह



प्रेरणा धूत

## के एम् चौंपियन

अपने जानकारियों को सभी के साथ शेयर करने का सबसे उत्तम माध्यम नॉलेज मैनेजमेंट पोर्टल है। प्रत्येक त्रैमास में अत्यधिक नॉलेज शेयर करने वाले विभाग को के एम् चौंपियन घोषित किया जाता है। इस वर्ष के प्रथम त्रैमास में जेम्को टीम अत्याधिक नॉलेज पीस देकर के.एम्. चौंपियन बनी।



## टी.पी.एम् गतिविधियां :

टी.पी.एम् सलाहकार श्री सुरजीत देब ने आई.एस.डब्लू.पी का दो दिवसीय दौरा 25 एवं 26 जुलाई को संपन्न किया। इस दौरान उन्होंने रॉड मिल एवं वायर मिल का शॉप फ्लोर की स्थिति का जायजा लिया और कार्यस्थल पर फेज 2 स्तर के visulization पर बल दिया जिसमे हमें काफी काम करना है। रॉड मिल में बने ने ट्रेनिंग रूम का भी जायजा किया और उसे सुचारु रूप से व्यावसयिक करने के लिए कहा। पीलर रिव्यु के दौरान उन्होंने JH, PM, KK, QM, OTPM, SHE एवं DM पीलर में चल रहे कार्य को देखा क्वालिटी मेंटेनेंस पीलर में डिफेक्ट एनालिसिस पर हो रहे कार्यो को सराहा और टीम को इसे डिफेक्ट कम कर अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया। जीशु होजन पीलर को स्टेप 4 पूर्ण करने के लिए तेज गति से काम करने को कहा। PM पीलर को ब्रेकडाउन कम करने पर बल दिया। KK पीलर में चार काइजन प्रोजेक्ट को JIPM असेसमेंट के लिए चुना। श्री देब ने फीडबैक के दौरान कार्यस्थल के चारों ओर बागबानी करने का सुझाव भी दिया।

TPM consultant श्री सुराजीत देब ने 23 और 24 सितंबर को ISWP में दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रॉड मील और वायर मील में चल रही TPM गतिविधियों का निरिक्षण किया। JH पीलर को दिसंबर 19 तक सभी सरकल को स्टेप 4 पास करना अनिवार्य बताया है। PM पीलर को ब्रेकडाउन को और कम करने के लिए दिशा निर्देश दिया।झ्झ पीलर के तहत चल रहे सुधार परियोजनाओं को मार्ग दर्शन किया और JIPM ऑडिट के दौरान दर्शाने वाले सुधार परियोजनाओं को चिन्हित किया। इनके अलावा QM पीलर और DM पीलर में दिए गए कार्य का निरक्षण किया।

फीडबैक सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि पिछ्ले दो वर्षों में TPM के तहत प्रत्येक पीलर में उल्लेखनीय प्रगति किया है और आज हम इस स्तिथि में हैं कि TPM consistency अवार्ड को चुनौती दिया जा सके। इस औसर पर उन्हौंने प्रबंध निदेशक श्री नीरज कान्त को मंच पर बुलाकर उनसे उनकी राय ली। प्रबंध निदेशक श्री नीरज कान्त ने ISWP टीम को TPM क्षेत्र में चल रहे सुधारों के लिए बधाई दी और TPM consistency अवार्ड को चुनौती देने को अपनी स्वीकृति दी। इसके साथ ही TPM में चल रहे कार्यो में तेजी और TPM ऐप्लिकेशन राइटिंग का कार्य शुरु कर दिया गया है।



# JRDQV अवार्ड



प्रत्येक वर्ष JRD टाटा के जन्मदिन के अवसर पर मुंबई में JRDQV पुरस्कार के लिए मुख्य समारोह का आयोजन किया जाता है स इस समारोह में टाटा ग्रुप में सभी गनमान्य अधिकारी सम्मिलित होते है। यह प्रत्येक वर्ष 29 जुलाई को मनाया जाता है। विगत वर्ष 2018 में TBEM Assessment में ISWP को 551 अंक प्राप्त हुए थे स 550 अंक पार करने वाली कम्पनयों को JRDQV समारोह में ''Emerging Industry Leader'' के सम्मान से सम्मानित किया जाता है। 2018 में ISWP के अलावा, टाटा समूह के अन्य चार कंपनियां शामिल थी। टाटा मोटर, टाटा AIA लाइफ, TSL थाईलैंड एवं वोल्टास। प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत ने टाटा समूह के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखरन के हाथों से पुरस्कार ग्रहण किया। इस समारोह में रतन टाटा की मौजदगी ने चार चाँद लगा दिये।

"Emerging industry Leader" का सम्मान अब तक टाटा समूह के 21 कंपनियों को मिला है । प्रबंध निदेशक नीरज कांत में इस उपलब्धि के लिए ISWP परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी।

# TAAP (टाटा अफरमेटिव एक्शन प्रोग्राम) कन्वेंसन



16 सितम्बर 2019 को मुंबई में आयोजित TAAP कन्वेंसन में 2018 के TAAP असेसमेंट में आई.एस.डब्लू.पी को शिक्षा के क्षेत्र में बेस्ट प्रैक्टिस का अवार्ड मिला। टाटा ग्रुप अनुसूचित जाती एवं अनुसूचित जनजाति के लिए कार्य करने और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए TAAP मुहीम के अंतर्गत कार्यरत है स कंपनियों के कार्य को दूसरे कंपनी से आई टीम असेस करती है ।

कंपनी की तरफ से प्रबंध निदेशक ने टाटा AA गवर्निंग कॉउन्सिल के मेंबर नरेंद्र जादव के हाथों से पुरस्कार लिया। इसे इस कार्यक्रम में टाटा समूह के कंपनियों से विभिन्न MD और पदाधिकारियों में भाग लिया। टाटा संस ग्रुप चेयरमैन श्री एन. चंद्रशेखरन ने अपने सम्बोधन में ''वन टाटा एवं सिनर्जी विदिन वेरियस कम्पनीज ऑफ टाटा'' पर जोर दिया और कंपनियों को इस क्षेत्र में अपनी योगदान करने पर बधाई दिया ।

## सावन दिवस

हिन्दू धर्म में सावन के माह को अत्यंत पावन माना जाता है स 8 अगस्त 2019 को उड़ान टीम द्वारा सावन दिवस मनाया गया जिसमे सभी महिला कर्मचारी ने भाग लिया। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता एवं बेस्ट सावन ड्रेस प्रतोयोगिता, मिस सावन, डम- सराड़ का आयोजन किया गया था।

'मेहंदी प्रतियोगिता' में प्रथम पुरस्कार सोनम प्रसाद, दूसरा पुरस्कार एकता श्रीनेत एवं तीसरा पुरस्कार रीना कुमारी (इलेक्ट्रिकल) और एकता सिंह ने हासिल किया। 'बेस्ट सावन ड्रेस प्रतियोगिता' में प्रथम पुरस्कार गुंचा अजीम, द्वितीय पुरस्कार मिनती पांडा (एडमिनिस्ट्रेशन), तीसरा पुरस्कार एशा चक्रबोर्ती (एच.आर) को प्राप्त हुआ। 'मिस सावन' का खिताब पारवती (एडमिनिस्ट्रेशन), इशा शर्मा (एकाउंट्स) रनर-अप रही।





## महिला कानूनी अधिकार सम्बधी सत्र

24 अगस्त 2019 को उड़ान टीम के लिए ''महिला कानून अधिकार - घरेलू और कॉरपोरेट'' पर सत्र का आयोजन किया गया स जिसमें अधिवक्ता श्रीमती संगीता झा ने महिला कर्मचारियों को घरेलु एवं कार्यक्षेत्र से सम्बंधित अधिकारों से अवगत कराया ।





## एम.डी. कनेक्ट विथ उड़ान



27 सितम्बर 2019 को आई.एस.डब्ल्यू.पी अ□डिटोरियम में उड़ान टीम का प्रबंध निदेशक के साथ सीधा संपर्क का आयोजन किया गया स जिसमे उड़ान टीम के द्वारा बताई गई समस्या एवं सुझाव को प्रबंध निदेशक ने ध्यान पूर्वक सुनकर, समस्याओं का निवारक एवं सुझाव को लागु करने का आश्वासन दिए स



## रक्त दान शिविर




***"रक्तदान है सबसे बड़ा दान,***
***जो है एक पुण्य काम"***

दिनांक 23 अगस्त 2019 को आई.एस.डब्ल्यू.पी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमे 79 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

## सेवा-निवृत्ति

इस वित्तीय वर्ष के तिमाही में निम्नलिखित तीन कर्मचारी सेवा-निवृत्ति हुए स हम उनके खुशहाल जीवन एवं स्वस्थ भविष्य की कामना करते है :



मानस डे सरकार
(38 वर्ष कार्यकाल)
**(रॉड मिल)**
**ISWP**



गौतम कुमार घोष
(32 वर्ष कार्यकाल)
**(मशीन शॉप)**
**JEMCO**



मिहीर भरण मंडल
(30 वर्ष कार्यकाल)
**(फाइनांस एवं एकाउंट्स)**
**ISWP**

## सी.एस.आर गतिविधियां

कोमलिका बारी ने अपने तीरंगदाजी जीवन की शुरुवात आई.एस.डब्ल्यू.पी आर्चरी अकेडमी से किया स 17 वर्षीय कोमोलिका बरी ने स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आयोजित विश्व युवा तीरंदाजी चौंपियनशिप में भाग लिया एवं फाइनल में गोल्ड मैडल जीतकर इतिहास रच दिया।



## खेल कूद सम्बन्धी गतिविधियां



23 अगस्त 2019 को सर दोराबजी टाटा की 160 वीं जयंती के अवसर में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित महिला वर्ग में इंटर डिविजनल (टाटा स्टील) फुटबॉल टूर्नामेंट में आई.एस.डब्लू की महिला टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। जिसमे पिंकी कुमारी (एच. आर), एकता कुमारी (वायर मिल), सोनम प्रसाद (मेंटेनेंस), महामाया दत्ता (बाइंडिंग वायर), रीना कुमारी (मेंटेनेंस), अर्चना कुमारी (सिक्योरिटी) एवं सलमा छइंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्सऋ थी स इस चौंपियनशिप में टाटा स्टील के डिवीजनों के अलावा अन्य कंपनियों ने भी भाग लिया था ।

3 अक्टूबर 2019 में आई.एस.डब्लू.पी के इंटर विभाजिय फुटबॉल मैच का आयोजन टेल्को स्टेडियम में किया गया जिसमें रॉड मील, वायर मील, जनरल सर्विसेस एवं जेम्को टीम ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं प्रतियोगिता में र□ड मील टीम ने जीत हासिल किया स सभी विजिताओं को अनेक अनेक बधाई स






# जल संरक्षण

## ज़रूरत भी और कर्त्तव्य भी

ैंच्ड़ ने पानी और ऊर्जा की खपत को कम करने पर काफी काम किया है, लेकिन पानी की खपत में और कमी की बहुत गुंजाइश है स सरकार के सर्वेक्षण और विश्लेषण के अनुसार, एक व्यक्ति प्रति दिन 200 लीटर पानी अपने सभी घरेलू उद्देश्य ब्स्नान, निस्तब्धता, खाना पकाने और अन्य गतिविधियोंक्ष जैसे आवयकता को पूरी करने में उपभोग करता है स वर्तमान में ैंच टाउनशिप में पानी की खपत लगभग 1666 ज्ञस् –1833 ज्ञस् प्रतिदिन है। हमारी टाउनशिप की आबादी को देखते हुए यह खपत ज्यादा है।

हम पानी की खपत को कम करने का लक्ष्य रखते हैं और नीचे दिए गए सभी पानी और ऊर्जा बचत युक्तियों का पालन करने का अनुरोध करते हैं :

1. स्नान एवं गाड़ी धोते समय पाइप की बजाय बाल्टी व मग का प्रयोग करें, इससे काफी पानी बचता है ।
2. वाशिंग मशीन में रोज–रोज थोड़े–थोड़े कपड़े धोने की बजाय कपडे इकट्ठे होने पर ही धोएं।
3. बर्तन धोते समय भी नल को लगातार खोले रहने की बजाय अगर बाल्टी में पानी भर कर काम किया जाए तो काफी पानी बच सकता है।
4. घर, सार्वजनिक पार्क, गली, मौहल्ले, अस्पताल, स्कूलों आदि में जहाँ कहीं भी नल की टोंटियाँ खराब हों या पाइप से पानी लीक हो रहा हो तो तुरन्त जलदाय ऑफिस में या सम्बन्धित व्यक्ति/प्लम्बर को सूचना दें। इसमें हजारों लीटर पानी की बर्बादी रोकी जा सकती है।
5. बाग बगीचों एवं घर के आस पास पौधों में पाइप से पानी देने के बजाय वाटर कैन द्वारा पानी देने से काफी पानी की बचत हो सकती है स बाग बगीचों में दिन की बजाय रात में पानी देना चाहिये। इससे पानी का वाष्पीकरण नहीं हो पाता। कम पानी से ही सिंचाई हो जाती है।
8. आजकल प्रत्येक घर में आरओ लगा होता है जिसमें सिर्फ 40 प्रतिशत पानी ही प्रयोग होता है। बाकी 60 प्रतिशत बचने वाले पानी को फेंकने के बजाय उसे पेड़ों को डाल दें। इससे पानी तो बचेगा ही साथ ही उसमें मौजूद खनिज लवण पौंधों के लिए फायदेमंद होता है स

